# दैनिक विश्वमित्र

• हिन्दी का प्राचीनतम राष्ट्रीय दैनिक •

दैनिक विश्वमित्र 1915-2024 · कल आज और कल · 109 वर्ष

वर्ष 109 ■ संख्या 281 | कोलकाता मंगलवार ■ 15 अक्टूबर, 2024 ■ आश्विन शुक्ल 13, सम्वत् 2081 | मूल्य : 4 रुपए, कुल पृष्ठ 8 | 1




*आज पूजा कार्निवल, रेड रोड पर निकलेगी झांकी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पहल पर आज शाम 4.30 बजे रंगारंग कार्निवल में बड़ी संख्या में दुर्गापूजा कमेटियों की प्रतिमाएं हिस्सा लेंगी।*

# डॉक्टरों–सरकार की नहीं बनी बात

## मुख्य सचिव बोले, 7 मांगे हुईं पूरी • अब वापस लें अनशन

### राज्यपाल से मिले डॉक्टर, दिया ज्ञापन

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (निप्र)।** आरजी कर कांड को लेकर अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टरों और सरकार के बीच आज एक बार फिर बात नहीं बन सकी। राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत के साथ हुई बैठक के बाद एक ओर जहां डॉक्टरों ने निराशा जाहिर की, वहीं दूसरी ओर मुख्य सचिव ने कहा कि डॉक्टरों की 10 मांगों में से 7 मांगों को पूरा कर दिया गया है, 3 मांगों को लेकर समय सीमा निर्धारित करना मुश्किल है। इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर डॉक्टरों से अपना अनशन वापस लेने की अपील की। हालांकि डॉक्टर इसके लिए राजी नहीं हैं। इस बीच आमरण अनशन पर बैठे छह डॉक्टरों में से आज और दो डॉक्टरों की तबीयत बिगड़ गई। आज सौभिक बनर्जी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो शाम होते-होते एक और डॉक्टर तनया पांजा की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्हें भी कोलकाता मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

इस बीच डॉक्टरों ने आज राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनन्द बोस से आज शाम मुलाकात की। डॉ. बोस ने डॉक्टरों को समय तो दिया लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। उन्होंने डॉक्टरों के ज्ञापन को स्वीकार कर लिया। डॉक्टरों ने उनसे सीबीआई की जांच को लेकर तेजी लाने की अपील की है। डॉक्टरों ने आज बताया कि उन्हें किसी प्रकार का समझौता नहीं, बल्कि समाधान चाहिए। उनकी सभी मांगों को जब तक पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे।



### 'द्रोहेर कार्निवल' को पुलिस ने नहीं दी अनुमति

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (निप्र)।** आज कोलकाता महानगर में एक ओर जहां ऐतिहासिक पूजा कार्निवल का आयोजन होगा, वहीं दूसरी ओर जूनियर डॉक्टरों ने 'द्रोहेर कार्निवल' के नाम से रैली निकालने की घोषणा की है। इस रैली को पुलिस ने अनुमित नहीं दी है, जिस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ज्वायंट फोरम ऑफ डॉक्टर्स ने कहा है कि उन्हें अनुमति मिलने, न मिलने की परवाह नहीं है। इसके साथ ही मंगलवार को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक डॉक्टर सभी जगह काम बंद रखेंगे।

## मुंबई में बीच सड़क शख्स की पीट-पीटकर हत्या



**मुंबई, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)।** मुंबई के दिंडोशी में आज एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि भीड़ किस तरह युवक को पीट रही है। इस दौरान जहां युवक का बुजुर्ग पिता लोगों से रहम की भीख मांग रहा तो वहीं मां बेटे के ऊपर लेटकर उसे बचाने का प्रयास कर रही है। इस घटना को लेकर वायरल हो रहा वीडियो दिल को झकझोर देने वाला है। दिंडोशी

### बचाने के लिए मां लेटी, हाथ जोड़ता रहा पिता

पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मृतक का नाम आकाश है। आकाश का रास्ते में गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इसी बीच लोगों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। मारपीट होते देख मौके पर काफी संख्या में भीड़ जमा हो गई। भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने भी मृतक पर हाथ साफ किया। फिलहाल दिंडोशी पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## महंगाई ने लांघी लक्ष्मण रेखा



**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)।** खुदरा महंगाई दर सितंबर में बढ़कर 5.49 फीसदी हो गई है। अगस्त में यह 3.65 फीसदी थी। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। यह खुदरा महंगाई का 9 महीने का सबसे ऊंचा स्तर है। ऐसा सब्जियों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी और पिछले साल के मुकाबले कम आधार के कारण हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मध्यम अवधि के लिए खुदरा महंगाई दर 4% रखने का लक्ष्य रखा था। लेकिन, सितंबर में यह उससे भी ज्यादा रही। जुलाई के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब महंगाई दर ठइख के 4% के लक्ष्य से ज्यादा है। पिछले साल इसी समय महंगाई दर काफी ज्यादा थी। इसकी वजह से जुलाई और अगस्त में महंगाई दर में कमी देखने को मिली थी। लेकिन, इस बार यह उल्टा हुआ। पिछले साल के कम आंकड़े की वजह से इस साल सितंबर में महंगाई दर बढ़ गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर सितंबर में बढ़कर 9.24% हो गई। यह अगस्त में 5.66% थी। ग्रामीण इलाकों में महंगाई दर अगस्त में 4.16% से बढ़कर सितंबर में 5.87% हो गई।

## जयशंकर के दौरे से पहले पाक में हिंसा

### आतंकी हमला; एससीओ सम्मेलन में हंगामे की तैयारी



**लाहौर, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में भाग लेने के लिए कल पाकिस्तान पहुंचेंगे। यह दोनों देशों के बीच संबंधों में जारी तनाव के बीच कई वर्षों में भारत की ओर से पहला उच्च स्तरीय दौरा होगा। हालांकि, उनके पहुंचने से पहले ही देश में हिंसक घटनाएं तेज हो गई हैं। जयशंकर के पहुंचने से एक दिन पहले आज उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकी घटना की खबर है, जहां आतंकवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक जिला पुलिस मुख्यालय पर हमला किया है। सूत्रों के हवाले से बताया कि हमले में कम से कम तीन पुलिसकर्मी मारे गए हैं। उच्च पदस्थ पुलिस सूत्र एजेंसी को बताया कि परिसर पर हमला हुआ है, जिसमें जिला पुलिस मुख्यालय और एक आवासीय परिसर दोनों हैं।

## कनाडा से वापस आएंगे उच्चायुक्त

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)।** भारत-कनाडा में बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को भारत सरकार ने बड़ा फैसला किया है। भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा के राजदूत को नई दिल्ली तलब कर इस फैसले की जानकारी दे दी है। भारत ने कहा है कि उग्रवाद और हिंसा के माहौल में ट्रूडो सरकार की कार्रवाइयों ने अधिकारियों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है, इसलिए हमें उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कनाडाई सरकार की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है।

## अर्थशास्त्र का नोबेल डेरॉन, साइमन एवं रॉबिन्सन को

**स्टॉकहोम, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)।** अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार इस साल डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को दिया गया है। पुरस्कार देने वाली रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की नोबेल समिति ने कहा कि तीनों अर्थशास्त्रियों ने किसी देश की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को रेखांकित किया है। गौरतलब है कि अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार राष्ट्रों के बीच समृद्धि में अंतर पर शोध के लिए दिया जाता है। नोबेल समिति ने कहा कि खराब कानून शासन वाला समाज और जनसंख्या का शोषण करने वाली संस्थाएं विकास या बेहतर बदलाव नहीं लाती हैं। पुरस्कार विजेताओं के शोध से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि ऐसा क्यों होता है। पुरस्कार की घोषणा सोमवार को स्टॉकहोम में की गई। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार ऐसमोग्लू और जॉनसन मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में काम करते हैं। वहीं रॉबिन्सन, शिकागो विश्वविद्यालय में अपना शोध करते हैं। अर्थशास्त्र पुरस्कार को औपचारिक रूप से अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में आर्थिक विज्ञान में बैंक ऑफ स्वीडन पुरस्कार के रूप में जाना जाता है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: गहरी साजिश की आशंका!



**मुंबई, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)।** 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा इलाके में तीन लोगों ने दशहरा की आतिशबाजी की आड़ में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी पर गोली चलाकर उनकी हत्या कर दी। जिस वक्त बाबा सिद्दीकी पर पर फायरिंग की गई, उस समय केवल एक ही कॉन्स्टेबल उनके साथ था। जबकि उनकी सुरक्षा में तीन कॉन्स्टेबल को लगाया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने आज बताया कि शनिवार को रात 9:15 से 9:30 बजे के बीच निर्मल नगर में अपने विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री 66 वर्षीय बाबा सिद्दीकी पर छह राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें से दो गोलियां उनके सीने में लगीं। पुलिस ने बताया कि कांग्रेस से एनसीपी में शामिल हुए बाबा सिद्दीकी को गैर-श्रेणीबद्ध सुरक्षा दी गई थी, जिसके तहत उन्हें तीन कांस्टेबल दिए गए थे। अधिकारी ने बताया कि गैर-श्रेणीबद्ध सुरक्षा व्यक्ति की खतरे की आशंका के अनुसार दी जाती है। अधिकारी ने बताया कि शाम को सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात दो कांस्टेबलों को हटा दिया गया और उस रात को जब बाबा सिद्दीकी अपने बेटे के कार्यालय से बांद्रा पश्चिम के लिए निकल रहे थे, तब उनके साथ केवल एक कॉन्स्टेबल था। इस हमले के गहरी साजिश हो सकती है। पुलिस इसकी गहनता से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया, 'जब हमलावरों ने गोलीबारी की तो भीड़भाड़ वाले इलाके में लोगों ने सोचा कि यह दशहरा और देवी दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान पटाखे फोड़ने की आवाज है।

### भीतर के पन्नों पर खास


- हिंसा फैलाने वालों के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई — पृष्ठ 2
- एआई का उपयोग मजबूत नियामक ढांचे से — पृष्ठ 4
- दार्जिलिंग में सिंगटम बंगला जल कर राख — पृष्ठ 5
- पाकिस्तान की जीत देगी भारत को सेमी फाइनल का टिकट — पृष्ठ 6


### अजब गजब

ये सारे वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाते है साथ ही धरती के तापनाम को भी कम करते है। हमने इन वृक्षों के पूजने की परंपरा को अन्धविश्वास मानकर फटाफट संस्कृति के चक्कर में इन वृक्षों से दूरी बनाकर यूकेलिप्टस (नीलगिरी) के वृक्ष सड़क के दोनों ओर लगाने की शुरूआत की। यूकेलिप्टस झट से बढ़ते है लेकिन ये वृक्ष दलदली जमीन को सुखाने के लिए लगाए जाते हैं। इन वृक्षों से धरती का जलस्तर घट जाता है। विगत 40 वर्षों में नीलगिरी के वृक्षों को बहुतायात में लगा कर पर्यावरण की हानि की गई है। शास्त्रों में पीपल को वृक्षों का राजा कहा गया है। मूले ब्रह्मा त्वचा विष्णु शाखा शंकरमेवच। पत्रे पत्रे सर्वदेवायाम् वृक्ष राज्ञो नमोस्तुते।। भावार्थ-जिस वृक्ष की जड़ में ब्रह्मा जी तने पर श्री हरि विष्णु जी एवं शाखाओं पर देव आदि देव महादेव भगवान शंकर जी का निवास है और उस वृक्ष के पत्ते पत्ते पर सभी देवताओं का वास है ऐसे वृक्षों के राजा पीपल को नमस्कार है। आगामी वर्षों में प्रत्येक 500 मीटर के अंतर पर यदि एक एक पीपल, बड़ , नीम आदि का वृक्षारोपण किया जाएगा, तभी अपना भारत देश प्रदूषणमुक्त होगा। घरों में तुलसी के पौधे लगाना होंगे। हम अपने संगठित प्रयासों से ही अपने भारत को नैसर्गिक आपदा से बचा सकते है। भविष्य में भरपूर मात्रा में नैसर्गिक ऑक्सीजन मिले इसके लिए आज से ही अभियान आरंभ करने की आवश्यकता है। आइए हम पीपल, बड़, बेल, नीम, आंवला एवं आम आदि वृक्षों को लगाकर आने वाली पीढ़ी को निरोगी एवं सुजलां सुफलां पर्यावरण देने का प्रयत्न करें।

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंसा

### बहराइच में मूर्तियों पर पथराव, हुई फायरिंग



**बहराइच, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)।** एक युवक की मौत के बाद बहराइच में माहौल बिगड़ गया है। इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। आज जब युवक राम गोपाल मिश्र का शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। लोग आक्रोशित हो उठे। हजारों की संख्या में आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। परिवारजन के साथ हजारों लोग शव को लेकर तहसील परिसर की ओर चल दिए। ग्रामीण अपराधियों को फांसी देने और घर पर बुलडोजर की कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। महाराजगंज कस्बे में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस पर मुस्लिम युवकों ने मूर्तियों पर किया पथराव। श्रद्धालुओं के विरोध करने पर शुरू कर दी फायरिंग। जुलूस में शामिल एक 22 वर्षीय श्रद्धालु रामगोपाल मिश्र की गोली लगने से मौत हो गई और 15 से अधिक लोग घायल हो गए। युवक की मौत के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। उग्र भीड़ सड़कों पर उतर आई और मौके पर आगजनी, तोड़फोड़ व पथराव भी किया गया। आधा दर्जन से अधिक दुकानों में आग लगा दी गई। मामले की जानकारी होते ही सीएम योगी ने अधिकारियों को माहौल बिगाड़ने वाले उपद्रवियों की पहचान कर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शहर में मेडिकल कॉलेज के सामने मृतक के शव को रखकर ग्रामीणों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। अस्पताल चौराहे पर भी जुलूस रोक कर श्रद्धालु कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। विसर्जित होने वाली प्रतिमाओं को रोक दिया गया। ग्रामीणों ने बहराइच-सीतापुर हाईवे पर भी जाम लगा दिया। हाईवे के दोनों ओर कई किलोमीटर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर ईंट-पत्थर से हमला



**ढाका, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। अब पुराने ढाका इलाके में दुर्गा पूजा के समापन के बाद मूर्तियों का विसर्जन करने जा रहे हिंदू समुदाय और पुलिस के बीच हुई झड़प होने की बात सामने आई है। घटना में तीन लोग घायल हो गए। एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से द डेली स्टार अखबार ने कहा कि पुराने ढाका के पटुआतुली इलाके में नूर सुपर मार्केट की छत से बदमाशों ने रविवार देर रात बुरीगंगा नदी में मूर्तियों को विसर्जित करने जा रहे जुलूस पर ईंट-पत्थर फेंके। इसमें एक पुलिस अधिकारी सहित तीन लोग घायल हो गए। हमले के बाद हिंदू समुदाय के सदस्यों ने बाजार में घुसने की कोशिश की, लेकिन उन्हें पुलिस ने हिंसक कार्रवाई करते हुए रोक दिया। कोतवाली थाने के प्रभारी मोहम्मद इनामुल हसन ने स्थानीय अखबार को बताया, 'लोगों ने जब बाजार में घुसने का प्रयास किया। बाजार की सुरक्षा के लिए हमने उन्हें अंदर आने से रोका, जिसके कारण झड़प हुई। अधिकारी ने आगे कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने में असमर्थ होने पर उन्होंने सेना को सूचित किया और वे पहुंचे तथा भीड़ को तितर-बितर किया। पुलिस ने आगे कहा कि स्थिति अब काफी हद तक नियंत्रण में है। बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ पांच दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव रविवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ संपन्न हुआ।

### डब्ल्यूएचओ की छोटी-सी सलाह

## एक दिन में कितने चम्मच चीनी खा सकते हैं?



**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, हमें अपनी रोजाना की कैलोरी का 10% से ज्यादा हिस्सा चीनी से नहीं लेना चाहिए। अच्छी सेहत के लिए यह सलाह दी जाती है कि हम चीनी का सेवन और कम करके इसे 5% तक सीमित रखें। अगर आप रोजाना 2000 कैलोरी लेते हैं, तो इसका मतलब है कि आपको 200 कैलोरी से ज्यादा चीनी नहीं लेनी चाहिए। क्योंकि 1 ग्राम चीनी में लगभग 4 कैलोरी होती है, इसलिए एक हेल्दी और एक्टिव लाइफस्टाइल फॉलो करने वाला व्यक्ति रोजाना लगभग 10 चम्मच चीनी ले सकता है, लेकिन डेस्क जॉब या फिर कम मेहनत का काम करने वाले लोगों को इसकी मात्रा 6 चम्मच से ज्यादा नहीं रखनी चाहिए। ध्यान रहे, अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं तो आपको चीनी का सेवन पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) के मुताबिक, एक स्वस्थ व्यक्ति को रोजाना 36 ग्राम से ज्यादा चीनी नहीं लेनी चाहिए यानी, पुरुषों को 9 चम्मच से ज्यादा और महिलाओं को 6 चम्मच से ज्यादा चीनी नहीं खानी चाहिए। ध्यान रहे, हम बात कर रहे हैं ऐसी चीनी की जो फूड आइटम्स में मिलाई जाती है, जैसे कि कोल्ड ड्रिंक्स, बिस्कुट, और केक। फलों और दूध में पाए जाने वाली प्राकृतिक शर्करा इससे अलग होती है। ये मिलावटी चीनी हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकती हैं और मोटापा, डायबिटीज जैसी कई बीमारियों का कारण बन सकती हैं। इसलिए, एक हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए हमें अपनी डाइट में मिलावटी चीनी की मात्रा को कम से कम करना चाहिए। ज्यादा मात्रा में चीनी का सेवन कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि चीनी में हाई कैलोरी होती है लेकिन इसमें कोई पोषक तत्व नहीं होते हैं।




## ।। नीति वचन ।।

धन तो समय के साथ क्षय हो जाता है पर यशरूपी धन अक्षय है। इसे काल भी नष्ट नहीं कर सकता। *–अज्ञात*

**परहित बस जिनके मनमाहीं, तिन कहं जग दुर्लभ कछु नाहीं।।**

## स म्पा द की य

# कसौटी पर राजनीतिक दल

समस्त भारत में पिछले हफ्ते बुराई पर अच्छाई की जीत का मंचन चला। चंडीगढ़ में, गढ़वाल की एक रामलीला मंडली ने लक्ष्मण द्वारा रावण के योद्धा-पुत्र मेघनाद का वध किए जाने वाले प्रसंग की नाट्य प्रस्तुति की, जैसा कि नवरात्रों के नौवें दिन किया जाता है। चमकते तारों की रोशनी तले और आइसक्रीम विक्रेता की आवाज़ के बीच, यह गाथा अनवरत अपने तार्किक निष्कर्ष की ओर बढ़ रही थी। रावण को बस अगले ही दिन यानी शनिवार को राम के अचूक बाण से मरना बाकी था। पिछले से पिछले सप्ताह, भारत के पुरुष और महिला रूपी देवों ने भी अपनी मानवी लड़ाइयां लड़ीं, जबकि हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के राजनेता एक-दूसरे की देखादेखी में वह सब करने में लगे थे, जिससे फायदा होने की उम्मीद हो - हरियाणा में भाजपा चकित कर देने वाली अपनी जीत का जश्न मना रही है, जबकि इंडिया गठबंधन जम्मू और कश्मीर में मिले जनादेश को लेकर गौरवान्वित हो रहा है। दोनों राज्यों में, मतदाता ने मनमानी करने वाली राजनीतिक ताकतों को दंडित किया है, जो मतदाता को गंभीरता से नहीं लेते। दुर्भाग्यवश, कांग्रेस पार्टी अभी भी इस तथ्य को मानने से इनकार कर रही है कि भाजपा ने हरियाणा में ईमानदार और स्पष्ट रूप से जीत अर्जित की है। भगवा पार्टी ने कड़ी मेहनत की, लीक से हटकर हर संभव प्रयास किया, हर तरीका बरता। आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर प्रचार करने के अलावा प्रत्येक सीट की माइक्रो मैनेजमेंट की, यह सुनिश्चित किया कि विपक्षी उम्मीदवारों के वोट में सेंध लगाने को प्रत्याशी खड़े किए जाएं या फिर डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को पैरोल पर रिहा करवाने तक, ताकि अंदरखाते दिए उसके संदेश का राज्य भर की लगभग 35 सीटों पर असर हो। ऐसा कुछ बचा नहीं,जो भाजपा ने छोटे से सूबे हरियाणा में करने की कोशिश न की हो। भाजपा के पक्ष में जनादेश ने कांग्रेस पार्टी को सकते में डाल दिया है। पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने दोष ईवीएम पर मढ़ने की कोशिश की, उनका कहना है कि भाजपा ने सोर्स कोड के साथ छेड़छाड़ की- यह एक ऐसा आरोप है, जोकि मतदाता के विवेक पर प्रश्नचिन्ह है (हालांकि बाद में इस आरोप को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है क्योंकि समझदार कांग्रेस नेता-नेत्रियों ने महसूस किया कि इससे लोकतांत्रिक जनादेश का कितना नुकसान हो सकता है)। बदतर है कि राहुल गांधी ने हार का ठीकरा क्षेत्रीय क्षत्रपों भूपिंदर सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा के बीच अंदरूनी लड़ाई पर फोड़ कर मामला रफा-दफा करने कोशिश की है। स्पष्टतः, इससे खराब शायद ही कुछ हो कि कोई नेता अपनी टीम की हार की जिम्मेवारी खुद पर लेने से इनकार करे- खासकर उस सूरत में, यदि राज्य में उनकी पार्टी जीत जाती तो सारा श्रेय उन्हीं को दिया जाता। एक जांच बैठा दी गई है, लेकिन लगता है कि राहुल खुद आगे बढ़ चुके हैं। इस एक इशारे में नैराश्य और अहंकार, दोनों नजर आते हैं।

## आज का सुविचार

*सफलता मन की शीतलता से उत्पन्न होती है। ठंडा लोहा ही गर्म लोहे को काट व मोड़ सकता है।* **–ब्रह्मकुमारीज-फ्री राजयोग सेंटर**

## आज का पंचांग

15 अक्टूबर 2024 मंगलवार आश्विन शुक्ल तिथि- त्रयोदशी (15-16 मध्य रात 12.20 तक) तथा तदोपरांत तिथि- चतुर्दशी। सूर्य- कन्या में, बुध- तुला में, शनि- कुंभ में, चंद्रमा- कुंभ में, गुरू- वृष में, राहू- मीन में, मंगल-मिथुन में, शुक्र-वृश्चिक में, केतु- कन्या में। विक्रमी सम्वत 2081, आश्विन प्रविष्टे 30, राष्ट्रीय शक सम्वत् 1946, दिनांक-23 (आश्विन), हिजरी साल 1446, महीना- रवि-उल उल्सानी, तारीख-12 सूर्योदय-प्रातः 6.35 बजे, सूर्यास्त- सायं 5.52 बजे, नक्षत्र- पूर्वा भाद्रपद (रात 10.29 तक) तथा तदोपरांत नक्षत्र- उत्तराभाद्रपद, योग- वृद्धि (दोपहर बाद 2.13 तक) तथा तदोपरांत योग-ध्रुप, चन्द्रमा- कुंभ राशि पर (सायं 4.49 तक) तथा तदोपरांत मीन राशि पर प्रवेश करेगा, पंचक लगी रहेगी (पूरा दिन रात)। **दिशा शूल :** उत्तर एवं वायव्य दिशा के लिए **राहू काल :** बाद दोपहर तीन से साढ़े चार बजे तक। **पर्वे, दिवस तथा त्यौहार :** भौम प्रदोष व्रत।

## आज का राशिफल

**मेष :** (Aries — March 21 to April 19) सितारा शाम तक व्यापार कारोबार में लाभ वाला, यत्न करने पर कोई कामकाजी मुश्किल हटेगी, मगर बाद में सितारा ढीला बनेगा।

**वृष :** (Taurus — April 20 to May 20) सितारा शाम तक बेहतर, अफसरों के रूख में साफ्टनेस आपके किसी बिगड़े काम को संवारने में हैल्पफुल होगी, मगर बाद में अर्थदशा बेहतर बनेगी।

**मिथुन :** (Gemini — May 21 to June 20) जनरल सितारा सुदृढ़ जो आपको हर फ्रंट पर हावी, प्रभावी, विजयी रखेगा, बड़े लोग मेहरबान रहेंगे, मान सम्मान की प्राप्ति।

**कर्क :** (Cancer — June 21 to July 22) सितारा शाम तक पेट को अपसैट रखने वाला, लेन-देन के कामों में भी सावधानी बरतें, मगर बाद में जनरल हालात बेहतर बनेंगे।

**सिंह :** (Leo — July 23 to August 22) सितारा शाम तक कारोबारी कामों के लिए अच्छा, जनरल तौर पर भी सफलता मिलेगी, मगर बाद में समय प्रतिकुल हालात बना सकता है।

**कन्या :** (Virgo — August 23 to September 23) सितारा शाम तक नुकसान वाला, मन भी अशांत, परेशान, डिस्टर्ब सा रखेगा, मगर बाद में हर फ्रंट पर बेहतरी होगी।

**तुला :** (Libra — September 23 to October 22) सितारा शाम तक बेहतर, यत्न करने पर कोई उद्देश्य प्रोग्राम भी मेच्योर होगा, मगर बाद में समय मुश्किलों वाला बनेगा।

**वृश्चिक :** (Scorpio — October 23 to November 21) सितारा शाम तक जमीनी कामों के लिए अच्छा, आपके यत्न अच्छा रिजल्ट देगे, फिक्षर बाद में भी समय बेहतरी करने वाला।

**धनु :** (Saggiatarias — Novermber 22 to December 21) सितारा शाम तक आपको कामकाजी तौर पर व्यस्त रखने वाला, फिर बाद में कामयाबी की राहें खुलेंगी।

**मकर :** (Capricon — December 22 to January 19) सितारा शाम तक कारोबारी कामों के लिए, कामकाजी टूरिंग के लिए अच्छा, फिर बाद में भागदौड़ बढ़ेगी।

**कुंभ :** (Aquries — January 20 to February 18) सितारा व्यापार कारोबार में लाभ देने वाला, कारोबारी टूरिंग भी फ्रूटफुल रहेगी, मगर गिरने फिसलने का डर।

**मीन :** (Pisces — February 19 to March 20) सितारा शाम तक नुकसान परेशानी देने तथा खर्चो को बढ़ाने वाला, मगर बाद में हर फ्रंट पर बेहतरी होगी।

## भगवन

दण्ड पर दण्ड दिए जा रहे हो,
नहीं बिल्कुल अखण्ड किए जा रहे हो।
ऐसी क्या भूल हुई अनजाने भगवन,
जो अब तक दुर्घटना से उदण्ड किए जा रहे हो।।
रोग पर रोग राग रहा है, भोग पर भोग व्याय रहा है।
दूर करो आपातकाल भगवन,
मनोबल भी अब विलाप रहा है।।
वक्त की ऐसी कैसी नजर लगी, कौन-सी अब कोर-कसर रही।
जिसका पिण्ड तो छुड़ाओ भगवन, तेरे साथ ही तो जिन्दगानी सही।।
रहा सहा अपराध जो हो मिटाओ, गिरती पड़ती शाख को उठाओ।
बहुत सह लिया अब तलक भगवन,
अमंगल मन पूर्ण 'मंगल' कराओ।।

● श्रीकृष्ण अग्रवाल 'मंगल'

# मुझ पर अपनी छाप छोड़ गए देश के अनमोल 'रत्न' रतन टाटा...

*संतोष लाहोटी*



**कोलकाता, 14 अक्टूबर।** आज समूचा देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भारत के उस लाल को याद कर रहा है, जिसने तरक्की की आंधी में सालिनता और सहजता के मिश्रण से खुद को हर भारतीय के दिल में बसाया। टाटा को भारत का डोमेस्टिक ब्रांड बनाया। देश की संरचना और आर्थिक प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। पद्म विभूषण रतन टाटा भले ही आज इस दुनिया को अलविदा कह गए हों, लेकिन सच यह है कि वो अब भी दुनिया के दिलों में धड़क रहे हैं। यह कहना है माहेश्वरी इंटरनेशनल बिजनेस फाउंडेशन के महामंत्री व वरिष्ठ कंपनी सेक्रेटरी संतोष कुमार लाहोटी का।

रतन टाटा से अपने संबंध और पहली मुलाकात का जिक्र करते हुए लाहोटी कहते हैं कि 15 अप्रैल, 2003 को उनकी पहली मुलाकात हुई थी। वो अपने निजी काम से श्रीलंका गए थे और वहां कोलंबो स्थित ताज समुद्रा में ठहरे थे। अचानक वो ब्रेकफास्ट के लिए नीचे आए तो उन्होंने रतन टाटा को कुछ लोगों के साथ टेबल पर बैठकर बात करते देखा। इतने में उनसे रहा नहीं गया और वो सीधे रतन टाटा के पास पहुंच गए। उसके बाद रतन टाटा ने भी उन्हें समय दिया। इस पर उन्होंने रतन टाटा को अपने ऑटोग्राफ एल्बम के बारे में बताया। साथ ही बताया कि वो इंडिया में रिकॉर्ड होल्डिंग ऑटोग्राफ कलेक्टर हैं और उनका नाम लिमका बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। यह जान वो बहुत खुश हुए।

लाहोटी ने आगे बताया कि 'ऑटोग्राफ प्लीज' नाम से उन्होंने एक किताब भी लिखी है और उनका एक मात्र मकसद इसे हॉबी के तौर पर विकसित और विस्तृत करना है। हालांकि, जब लाहोटी ने रतन टाटा से बताया कि उनके पास जेआरडी टाटा के ऑटोग्राफ हैं तो वो बहुत खुश हुए। इसके बाद उन्होंने कलम उठाया अपने लेफ्ट हैंड से ऑटोग्राफ दिया। इस दौरान लाहोटी ने रतन टाटा से कहा कि वो कई दफा उन्हें पत्र लिख चुके हैं, लेकिन उन पत्रों का जवाब न मिलने पर वो दुखी होते हैं। साथ ही रिक्वेस्ट किया कि अगर आपको ऑटोग्राफ कम्युनिटी की तरफ से कोई पत्र जाए तो आप उसका जवाब जरूर दीजिएगा। हालांकि, उसके बाद उन्होंने किसी को निराश नहीं किया। अंतिम के कुछ सालों को छोड़ दे तो उन्होंने नियमित रूप से हर पत्र लिखने वाले शख्स को जवाब दिया। वहीं, लाहोटी कहते हैं कि उस मुलाकात के बाद वो उनकी बेमिसाल शख्सियत के कायल हो गए थे। उनके हर एक शब्द में वचन प्रतिज्ञा का बोध था। उनके लिए कोई भी अनजान न था। ऐसा इसलिए, क्योंकि वो सबको समान मानते थे और हर मिलने वाले शख्स की बातों को पूरी गंभीरता से सुनते थे और उनका यही अंदाज उन्हें दुनिया के दूसरे लीजेंड से जुदा बनता था।

लाहोटी कहते हैं कि अगर किसी के दादा और पिता की लाखों करोड़ों की कंपनी हो तो क्या वो उस कंपनी में एक सामान्य कर्मचारी की हैसियत से काम करेगा? इस सवाल का सीधा जवाब है नहीं, लेकिन रतन टाटा ऐसे ही थे. आज के युवाओं को रतन टाटा की जिंदगी से जुड़ी कहानियों को पढ़ना और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की जरूरत है। 1962 में वो विदेश में एक बड़ी नौकरी छोड़कर भारत लौट आए थे। भारत आने के बाद उनके पास विकल्प था कि वो अपने पिता की कंपनी में किसी बड़े पद पर बैठक कारोबार को आगे बढ़ाएं, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। व्यावसायिक बारीकियों को समझने के लिए उन्होंने पहले अपनी ही कंपनी में एक सामान्य कर्मचारी की हैसियत से काम किया। चूना पत्थर को भट्ठियों में डाला। हालांकि, जब बतौर कर्मचारी काम करते हुए वो बिजनेस की बारीकियों को सीख गए तो 1991 में उन्होंने इस कंपनी की कमान को अपने हाथों में लिया. उसके बाद उन्होंने जिस चीज को भी छुआ वो सोना बन गया। खैर, दुख तो इस बात का है कि आज भारत ने अपना नायाब हीरा खो दिया।

## जनवरी तक पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल पर रोक

**नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)।** दिल्ली सरकार ने यहाँ सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर व्यापक प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है और यह प्रतिबंध एक जनवरी, 2025 तक लागू रहेंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज कहा कि सर्वविदित है कि पटाखों के इस्तेमाल से हवा की गुणवत्ता पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। पटाखों के प्रतिबंध के निर्णय के पीछे हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की हवा सांस लेने योग्य बनी रहे। यह प्रतिबंध ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पटाखों की बिक्री पर भी सख्ती से लागू होगा। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में सर्दियों में दिल्ली को अत्यधिक प्रदूषण का सामना करना पड़ा है। सरकार का कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। सरकार दिल्ली की जनता से प्रदूषण के खिलाफ इस सामूहिक लड़ाई में सहयोग और समर्थन की अपील करती है। दिल्ली पुलिस को पटाखों के पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## हिंसा फैलाने वालों के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई : प्रियंका

**नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के बहराइच में हिंसा की वारदात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि कानून किसी को हाथ में नहीं लेना चाहिए और हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि हिंसा करने का अधिकार किसी को नहीं है लेकिन प्रशासन को भी इस मामले में सक्रिय बनने और जनता को विश्वास में लेकर दोषियों के विरुद्ध सख़्ती से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, बहराइच, उत्तर प्रदेश में हो रही हिंसा और प्रशासन के निष्क्रिय होने की खबरें अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री जी एवं राज्य प्रशासन से अपील करती हूं कि त्वरित एक्शन लेते हुए, जनता को विश्वास में लें और हिंसा रोकें। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो।

## खेलैयाओं ने झूमकर किया गरबा



**धनबाद, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** कोल्फील्ड गुजराती समाज ने शास्त्री नगर स्थित श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रीय समाज भवन में रास नी रमझट का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसमें सोना रावल, दीपेश याज्ञनिक तथा नितिन पटेल ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक गरबा गीत प्रस्तुत किए। जिसपर महिलाओं पुरुष एवं बच्चों ने झूम कर गरबा नृत्य किया। वहीं पारंपरिक गरबा के अलावा खेलैयाओं ने हुड़ो, टिमली, टेटुड़ो, सनेड़ो नृत्य भी किया। जबकि सीमा चौहान के नेतृत्व में महिलाओं ने जोगणी रास कर मां अम्बे गौरी का आह्वान किया। मौके पर कोलफील्ड गुजराती समाज के चेयरमैन कमल संघवी, अध्यक्ष रिटाबेन चावड़ा, सचिव समिता परमार, कोषाध्यक्ष तेजल देसाई, सोनल संघवी, सोना रावल, उर्वशी ठक्कर, प्रीति त्रिवेदी, रोशनी संघवी, नेहा माटलिया, दक्षा यादव, नैना पटेल, सोनल पटेल, मयूरी त्रिवेदी, रश्मि भट्ट, किशोर परमार, यमेश त्रिवेदी, भावेश ठक्कर, राजेश माटलिया, दीपक उदानी, पीयूष वेगड़, लक्ष्मीकांत चावड़ा, शैलेश रावल, परेश ठक्कर, योगेश जोशी, हिमांशु दोशी, विपेन्द्र ठक्कर, महेन्द्र चौहान, गोपाल ठक्कर, दिनेश सोनेटा, हरिश जोशी, दिपेन अंबानी के अलावा बड़ी संख्या में धनबाद, झरिया, कतरास इत्यादि से गुजराती समाज के लोग उपस्थित थे।

## सांसद ने किया जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

**धनबाद, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ाने के उदेश्य से बाघमारा के निवर्तमान विधायक ढूलू महतो के अनुशंसा से बाघमारा विधानसभा अंतर्गत पिपराटांड में राज्य योजनान्तर्गत बंजर भूमि राइस फेलो विकास योजनान्तर्गत बड़का तालाब के जीर्णोद्धार व गहरीकरण कार्य का शिलान्यास आज धनबाद सांसद ढुलू महतो एवं उनके बड़े भाई सह बाघमारा के भावी विधायक शत्रुधन महतो ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। मौके पर ग्रामीणों ने सांसद एवं भावी विधायक को माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

## भरी आंखों से मां दुर्गा को विदाई

**कोलकाता/हुगली,हावड़ा, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** चार दिनों के उल्लास के बाद शनिवार विजय दशमी के दिन से महानगर कोलकाता सहित हावड़ा, हुगली ही नहीं राज्य भर में तमाम दुर्गा प्रतिमाओं का विभिन्न गंगा घाटों में विसर्जन शुरु हुआ। दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जन कराने में निगम कर्मियों से लेकर स्वंय सेवकों, पूजा आयोजकों ही नहीं पुलिस भी मुस्तैद रही। खबर के लिखे जाने तक आज भी विसर्जन जारी था। निगम व पुलिस सूत्रों के अनुसार महानगर कोलकाता में विजयादशमी के अवसर पर विभिन्न गंगाघाटों पर लगभग 7 हजार दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन किया गया। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि, सामुदायिक दुर्गा पूजा कमेटियों द्वारा विसर्जन घाटों पर शनिवार से दबाव बढ़ गया था जो कि आज दबाव अपने चरम पर रहा क्यों कि इस दिन राज्य के तमाम जिलों में दुर्गा पूजा कार्निवल हुआ। केएमसी और कोलकाता पुलिस ने महानगर के निर्धारित 24 घाटों पर दुर्गा मूर्तियों के विसर्जन जारी रहा। जब महामाया दुर्गा परिवार की प्रतिमाएं पूजा मंडपों से गंगा घाटों के लिये रवाना हुयी तो देवी भक्तों के आंख भर आये।

## तीसरी आंख






*हावड़ा के अरिहन्त इन्क्लेव में आयोजित दुर्गा पूजा में ढांक बजाते सीए संदीप डागा।* –विश्वमित्र

## गोयनका दादी मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति के तत्वावधान में 45 वां शारदीय नवरात्र उत्सव गोयनका दादी मंदिर, कोलकाता धाम में मनाया गया । प्रतिदिन दादी जी का अलौकिक एवं मनमोहक श्रृंगार, 9 दिवसीय कार्यक्रम में नव चण्डी पाठ, ध्वजा उत्सव, गजरा उत्सव, चुनड़ी उत्सव, सिंदूर खेला, सहस्त्रार्चन, जवा पुष्प अभिषेक, ढाक उत्सव, रास डांडिया, 9 कन्या पूजन, प्रतिदिन दादी जी को छप्पन भोग, सवामनी, ऋतु फल, पान का भोग, दादी की रसोई में सभी भक्त भाव विभोर हो गये। भजन गायक कमल गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), बिमल गोयनका, देवेंद्र बेंगानी, निकिता शर्मा, अभिजीत कोहार, हर्षिता डीडवानिया, प्रियंका गुप्ता, रिया शर्मा, ममता खंडेलवाल, रीना दास, रवि शर्मा (सूरज), कविता अग्रवाल द्वारा संगीतबद्ध भजन अमृत वर्षा में सभी भक्तो ने भाव विभोर होकर झूम-झूम कर आनंद लिया।

## सिलीगुड़ी का जनता दरबार

### राम राज्य



● *सरोजिनी चौधरी*



कितना अच्छा हो यदि फिर से
राम राज्य सा शासन हो
नैतिकता की सुर सरिता में
संयममय यह जीवन हो,

वर्ण जाति और संप्रदाय से
मुक्त यहाँ की भाषा हो
अपने से अपना अनुशासन
धर्म की ये परिभाषा हो,

मैत्री भाव हमारा सबसे
प्रतिदिन बढ़ता ही जाए
करें सदा संकल्प सार्थक
मानव-मन निर्मल हो जाए,

सभी वर्ग के लोग सुखी हों
नर हों या फिर हों नारी
कथनी-करनी की समानता
जन-जन-मन हो हितकारी,

सुधरेगा जब व्यक्ति तभी तो
समाज, राष्ट्र सुधरेगा
छोटे-छोटे संकल्पों से
मानव-मन परिवर्तित होगा।

# शिल्पांचल समाचार

## दामोदर नदी में दो युवकों की डूबने से मौत



**सांकतोड़िया, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** शीतलपुर स्थित दामोदर नदी में स्नान करने के दौरान डूबे दो युवकों का शव सोमवार को सिविल डिफेंस की सहायता से नदी से निकाल लिया गया। दोनों युवक दोस्त थे और विगत कई दिनों से नदी स्नान के लिए जाया करते थे। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृत युवकों में एक सोदपुर वर्कशॉप का रहने वाला अंश कुमार जबकि दूसरा झारखंड के रांची के रहने वाला 24 वर्षीय किशन यादव था। जानकारी के अनुसार रविवार को किशन यादव और अंश कुमार शीतलपुर 4 नंबर स्थित दामोदर नदी में स्नान करने गए। जहां स्नान करने के दौरान वे दोनों नदी में डूब गए। इसकी खबर स्थानीय पुलिस तथा सिविल डिफेंस को मिली। सूचना मिलते ही वे घटना स्थल पर पहुंच कर खोजबीन शुरू कर दिया। नदी का पानी मटमैला होने के कारण उन्हें देर रात तक कोई सफलता नहीं मिली। रात को शव निकाला नहीं जा सका। पर सोमवार सुबह होते ही दोनों शवों को सिविल डिफेंस के कर्मियों ने ढूंढ निकाला। मृतकों में रांची का रहनेवाला किशन यादव पोस्ट ऑफिस में काम करता था। जबकि अंश कुमार सोदपुर वर्कशॉप का रहने वाला था।

## दिव्यांग के लिए खुद सिलाई मशीन लेकर पहुंचे



**मैथन, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** सरकार से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी मैथन की दिव्यांग वर्मा किस्कू की पुकार नहीं सुनी गई तो एक डीवीसी कर्मी रुपलाल हांसदा के पुत्र विश्वनाथ हांसदा ने दोनों पैरों से दिव्यांग वर्मा किस्कू नामक लड़की को एक सिलाई मशीन सहायता के रूप में देकर प्रोत्साहित किया। वर्मा किस्कु एक शिक्षित लड़की है, माता-पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह खुद कमाकर जिंदगी बिताना चाहती है। दिव्यांग वर्मा किस्कु ने कई बार सरकार से सहायता के लिए कोशिश की, लेकिन सरकार से कोई सहायता नहीं मिली। जिसके बाद विश्वनाथ हांसदा ने सहायता करने के लिए आगे कदम बढ़ाया। भविष्य में भी सहायता करने के लिए इस लड़की को हिम्मत बढ़ाया।

## कोलियरी बचाव कमेटी द्वारा नारेबाजी व प्रदर्शन



**आसनसोल, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** ईसीएल सोदपुर क्षेत्र की दुबेश्वरी कोलियरी गेट पर आज दुबेश्वरी कोलियरी बचाओ कमिटी के तत्ववाधान में जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय है कि पूजा के दौरान थमा आंदोलन एक बार फिर शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को कमिटी द्वारा दुबेश्वरी कोलियरी क्षेत्र में जुलूस निकालकर कर परिक्रमा की गई तत्पश्चात कोलियरी गेट पर सभा गेट पर जमकर नारेबाजी की गई। उपस्थित सभी एमडीओ मोड दूर हटो, एडीओ मोड बातिल कोरते होबे, निजीकरण रद्द करना होगा, आदि के जमकर नारे लगाये गए। कार्यक्रम का नेतृत्व शांतिभूषण प्रसाद यादव ने किया। मौके पर उपस्थित थे ट्रेड यूनियन नेता तेजनारायण राम, जय प्रकाश महतो, शुभजीत धीबर, कोलियरी वर्कर आदि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में शांतिभूषण प्रसाद यादव ने कहा कि हमें टेंशन था कि दुर्गापूजा के समय प्रबंधन कोलियरी को निजीकरण कर देगा। धन्यवाद हमारे बांकुड़ा के सांसद अरूप चक्रवर्ती को, हमें कोलियरी में निजी प्रवेश ना कर जाए इसके लिए हमें पहरा नहीं देना पड़ा। क्योंकि उन्होने तुरंत कदम उठाया और प्रबंधन को पत्र दिया। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में हमारे सांसद और जामुड़िया विधायक हरेराम सिंह ने स्पष्ट किया है कि किसी भी कीमत पर कोलियरी को निजीकरण नहीं करने दिया जाएगा। कोल और स्टिल के लिए गठित हमारी कमिटी के शत्रुघ्न सिन्हा भी सदस्य हैं। 9 तारीख को दिल्ली में हुई बैठक के समय शत्रुघ्न सिन्हा ने मुझसे सारे कागज मांगे थे उन्हें मैंने सारे कागज पत्र सौंप दिए हैं। उन्होंने कहा कि मैं इसे लेकर बातचीत करूंगा। आज सोमवार को श्री सिन्हा आसनसोल आ सकते हैं उनसे फीडबैक प्राप्त होगा। सांसद अरूप चक्रवर्ती ने कहा है कि 14 अक्टूबर तक मुझे फुर्सत नहीं है।

## 'एयरटेल सिक्योर डिजिटल इंटरनेट' लॉन्च

**आसनसोल, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** भारत की प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल (एयरटेल) के इ2इ विभाग, एयरटेल बिजनेस ने वैश्विक क्लाउड सुरक्षा कंपनी नीलरश्रशी के साथ साझेदारी की है, और 'एयरटेल सिक्योर डिजिटल इंटरनेट' लॉन्च किया है। यह भारत का पहला फुली-मैनेज्ड ज़ीरो ट्रस्ट आर्किटेक्चर आधारित समाधान है, जो उद्यमों को साइबर खतरों से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 'एयरटेल सिक्योर डिजिटल इंटरनेट' एक पूर्ण प्रबंधित समाधान है, जो एयरटेल की इंटरनेट लीज्ड लाइन कनेक्टिविटी को नीलरश्रशी की क्लाउड सुरक्षा तकनीक और सिक्योरिटी सर्विस एज तकनीक के साथ एकीकृत करता है। इसमें नीलरश्रशी इंटरनेट एक्सेस का उपयोग किया जाता है और यह एडवांस्ड सुरक्षा सुविधाएं प्रदान करता है, जैसे व्यापक खतरे से सुरक्षा, SSL निरीक्षण, क्लाउड फायरवॉल और क्लाउड एप्लिकेशन तक सुरक्षित पहुंच। यह 'कभी विश्वास न करें, हमेशा यूजर, डिवाइस और नेटवर्क को सत्यापित करें' के मुख्य सिद्धांत पर आधारित है। यह समाधान भारत के उद्यमों को डिजिटल दुनिया की जटिलताओं से निपटने में सक्षम करेगा, जो प्रभावी, स्केलेबल और लागत-कुशल तरीके से अद्वितीय क्षमताओं का लाभ उठाता है। एयरटेल बिजनेस के सीईओ, शरत सिन्हा ने कहा, हम नीलरश्रशी के साथ साझेदारी करके 'एयरटेल सिक्योर डिजिटल इंटरनेट' लॉन्च करने को लेकर उत्साहित हैं। यह एक समग्र समाधान है जो उद्यम नेटवर्क की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। यह अत्याधुनिक समाधान हर इंटरनेट इंटरैक्शन को सत्यापित, प्रमाणित और अधिकृत करेगा।


# पूजा कार्निवल में सभी को सादर आमंत्रण

**15 अक्टूबर, 2024**
सायं 4.30 बजे से प्रारम्भ, रेड रोड, कोलकाता

कोलकाता का दुर्गापूजा कार्निवल सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत की सबसे अच्छी प्रदर्शनियों में से एक है।

बंगाल की संस्कृति के इस रंगारंग उत्सव के साक्षी बनें।

**रंगारंग पूजा कार्निवल में भाग लें अपने अनुभव की स्मृतियों को जीवंत बनाएं।**



**ममता बनार्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

**बंगाल में स्वागत है**

PUJA CARNIVAL

**प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा**

कृपया सायं 4.00 बजे तक आसन ग्रहण करें

EXPERIENCE Bengal
THE SWEETEST PART OF INDIA
TOURISM DEPARTMENT, GOVERNMENT OF WEST BENGAL

**पर्यटन विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार**

To know the destinations better, visit **wbtourism.gov.in**

@tourismwb @TourismBengal @wbtourism wbtourism5460

ICA-D1800(19)/2024



■ आज अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 व 26 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम व न्यूनतम आर्द्रता 89% तथा 73% रही। बारिश हुई।

सूर्योदय : 5.33 सूर्यास्त : 5.11 बजे



● श्री श्री ईश्वर सत्यनारायण एवं अन्य देवगण 51, कॉटन स्ट्रीट, बड़ाबाजार में निःशुल्क फिजियोथेरॉपी सुबह 8 से 10 बजे तक एवं निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा सायं 5 से 7 बजे तक। सुबह 10.30 से 11 बजे तक निःशुल्क भोजन 21 लोगों के लिए।

● सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा 1-ए, आशुतोष दे लेन में खिचड़ी वितरण सीकर भवन के सामने सुबह 8:15 से 9:00 तक। फिजियोथेरेपी चिकित्सा सुबह 10:00 से 1:00 बजे तक। चक्षु चिकित्सा सुबह 11:00 से 12:00 बजे तक। दंत चिकित्सा अपराह्न 02:30 बजे से 03:30 बजे तक। होम्योपैथी चिकित्सा शाम 04:00 से 06:00 बजे तक।

● आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनि जिनेश कुमार जी ठाणा 3 प्रेक्षा विहार हावड़ा मिल्स-क्लब हाउस में विराज रहे है। प्रवचन प्रातः 9.00 बजे से।

## बंगाल की मुख्य खबरें

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (निप्र)।** आज पश्चिम बंगाल की मुख्य खबरें इस प्रकार रहीं :-

- कृष्णानगर में विसर्जन घाट पर करात से प्रतिमा खंडित करने का वीडियो वायरल, उठ रहे सवाल।
- अभिनेत्री अपर्णा सेन की मध्यस्थता की पहल को जुनियर डॉक्टरों ने ठुकराया, कहा-कोई जरूरत नहीं।
- सीबीआई पर दबाव बनाने के लिए अनशनकारी डॉक्टरों का आज दोपहर राजभवन अभियान।
- एनआरएस अस्पताल के आईसीयू में भर्ती अनशनकारी जूनियर डॉक्टर पुलस्त्य आचार्य का डॉक्टरों की 5 सदस्यीय टीम कर रही इलाज, हालत अभी भी चिंताजनक।
- जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में सीके बिड़ला, वुडलैंड, कोठारी समेत कई निजी अस्पतालों का पेनडाउन, मेडिका सुपर स्पेशलिटी में बुधवार तक आपातकालीन सेवाएं बंद, एपोलो, मणिपाल, आरएन टैगोर अस्पताल के डॉक्टर भी आंशिक हड़ताल पर।
- कृष्णनगर में प्रतिमा विसर्जन के दौरान 2 क्लबों के बीच झड़प से रणक्षेत्र बना इलाका, बरसाई ईंटें, पुलिस का लाठीचार्ज, 2 घायल।
- हावड़ा के श्यामपुर में अज्ञात लोगों ने फूंका पंडाल, शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार को घेरा।
- डॉक्टरों ने द्रोह कार्निवल को लेकर मुख्य सचिव के मेल का दिया जवाब, कहा- इस कार्यक्रम से पूजा कार्निवल के बाधित होने की कोई संभावना नहीं, यह आशंका निराधार।
- मुख्य सचिव के साथ डॉक्टरों के 12 संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक, अनुपस्थित रहे स्वास्थ्य सचिव, डॉक्टरों ने उठाया स्वास्थ्य सचिव के इस्तीफे का मुद्दा, जल्द कार्रवाई की मांग।
- सीबीआई पर दबाव बनाने के मद्देनजर जूनियर डॉक्टरों का 'राजभवन अभियान' जारी, जुलूस में आम लोग भी शामिल।
- आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को कलकत्ता हाईकोर्ट से झटका, रजिस्ट्रेशन रद्द करने के मामले में कोर्ट ने हस्तक्षेप से किया इनकार।
- एसएसकेएम अस्पताल में हमला और तोड़फोड़ मामले में पुलिस ने अब तक 5 को किया गिरफ्तार, कई धाराओं में मामला दर्ज।
- सिलीगुड़ी में अनशन में शामिल हुआ उत्तर बंगाल का एक और जूनियर डॉक्टर संदीप मंडल, धर्मतला में कलकत्ता मेडिकल की जूनियर डॉक्टर तान्या पांजा की भी बिगड़ी तबियत।
- उत्तर 24 परगना के हाबरा में महिला से दुष्कर्म, धमकी और हत्या के आरोप में कोलकाता पुलिसकर्मी और तृणमूल पंचायत सदस्य गिरफ्तार, मृत महिला का पति भी गिरफ्तार।
- शोभाबाजार-सुतानुति मेट्रो स्टेशन पर व्यक्ति ने किया आत्महत्या का प्रयास, मेट्रो सेवा बाधित।
- थ्रेट कल्चर के आरोप मामले में कार्रवाई के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट की शरण में पहुंचे आरजी कर अस्पताल के निलंबित 51 डॉक्टर, सुनवाई 18 अक्टूबर को।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर दोबारा उतरा बेलुगा एक्सएल विमान?



**कोलकाता, 14 अक्टूबर (निप्र)।** विश्व के सबसे बड़े मालवाहक विमान 'बेलुगा एक्सएल' को आज सुबह कोलकाता हवाई अड्डे पर दोबारा उतारा गया। विमान चीन के तियानजिन बिन्हाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सुबह पांच बजकर 47 मिनट पर यहां पहुंचा।भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के प्रवक्ता ने बताया कि वाहन को यहां उतारने का उद्देश्य चालक दल के सदस्यों को आराम देना, एफडीटीएल (उड़ान ड्यूटी समय सीमाएं) और ईंधन भरना है। उन्होंने बताया कि विमान मंगलवार को अपराह्न साढ़े तीन बजे बहरीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए रवाना होगा। एएआई प्रवक्ता ने बताया कि विमान को 13 अक्टूबर को कोलकाता लौटना था, लेकिन इसमें लगभग 24 घंटे की देरी हो गई। कोलकाता के लोगों को 'बेलुगा एक्सएल' की पहली झलक तब देखने को मिली, जब इसे आठ अक्टूबर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया था।

## सिंगटम बंगला जलकर राख



**दार्जिलिंग, 14 अक्टूबर (निप्र)।** आग लगने से कल रात सिंगटम चाय बागान प्रबंधक का बंगला जलकर राख हो गया। बंगला 104 साल पुराना था। सूत्रों के अनुसार, उक्त बंगले में आग लगने से पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग किस कारण लगी यह खबर लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि दमकल कर्मियों का प्राथमिक अनुमान है कि हादसा शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ है। दमकल विभाग आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले चाय बागान के असिस्टेंट मैनेजर के बंगले में भी आग लग गई थी। इसी साल जनवरी में दार्जिलिंग में 'नेशनल रिसर्च फॉर ऑर्किड' के बंगले में आग लग गई थी, जिससे बंगले को भारी क्षति पहुंची थी।





*ऐतिहासिक पूजा कार्निवल के लिए सज-धज कर तैयार रेड रोड।* विश्वमित्र

## दुर्गोत्सव के दौरान सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत, दर्जनों घायल

**कोलकाता/कूचबिहार/उत्तर दिनाजपुर, 14 अक्टूबर (निप्र)।** दुर्गोत्सव के दौरान कूचबिहार व उत्तर दिनाजपुर जिले में सड़क हादसों में कुल आठ लोगों की मौत हो गई है। पुलिस व अधिकारिक सूत्रों ने आज उक्त जानकारी दी। कूचबिहार जिले में दुर्गा पूजा के चार दिनों में जिले में नौ दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हो गए है। मामले पर पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) कुतुबुद्दीन खान ने कहा कि पूजा 2023 के चार दिनों के दौरान जिले में 25 सड़क दुर्घटनाएं हुई थी। इनमें से 14 की जान चली गई थी। इस बार पूजा से काफी पहले ही ट्रैफिक नियंत्रण समेत सुरक्षा के मुद्दों पर जोर दिया गया था। इसलिए दुर्घटनाओं और मौतों की संख्या में कमी आई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूजा के दिनों में कुचलीबाड़ी, मेखलीगंज, घोक्साडांगा, कोतवाली और पुंडीबारी थाना क्षेत्रों में आकस्मिक दुर्घटना में मौतें हुई हैं। इधर उत्तर दिनाजपुर जिले में दशमी की देर रात भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई है। जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। खबर लिखे जाने तक मृतकों का नाम पता नहीं चल पाया था। बताया जा रहा है कि घटना रामगंज के सुचायानी इलाके में दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर से घटी है। घटना से पूरे इलाके में मातम छाया हुआ है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस्लामपुर थाना क्षेत्र के रामगंज निवासी छह युवक दो बाइक में पूजा देखने चोपड़ा गए थे। वहां से लौटते समय दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना में दो छह युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को बरामद कर इस्लामपुर महकमा अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने तीन युवक को मृत घोषित कर दिया। बाकी तीन का फिलहाल नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। जहां उनकी हालत गंभीर है। इस्लामपुर थाने की पुलिस पूरी घटना की जांच में जुट गई है।

## विमान बोस का सीएम को पत्र

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (निप्र)।** तिलोत्तमा हत्याकांड को दो महीने बीत गये। जूनियर डॉक्टरों का आंदोलन जारी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे पत्र में राज्य वाममोर्चा के अध्यक्ष विमान बोस ने इस पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वाममोर्चा ने मुख्यमंत्री को खुला पत्र दिया है कि पीजीटी के साथ हुए दुष्कर्म और नृशंस हत्या में आम लोग शामिल हैं और राज्य के नागरिक इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। जूनियर डॉक्टर दिन-रात सड़कों पर हैं। वरिष्ठ डॉक्टर उनके आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं।



*मां अगले वर्ष फिर आना...! गंगा में विसर्जित की जा रही मां दुर्गा की प्रतिमा।* विश्वमित्र

## मरीज की मौत और बिल को लेकर हंगामा, निजी अस्पताल में तोड़फोड़

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (निप्र)।** मुकुंदपुर के एक निजी अस्पताल में मरीज की मौत पर तनाव पैदा हो गया। मरीज के परिवार के खिलाफ अस्पताल में तोड़फोड़ और डॉक्टरों के उत्पीड़न की शिकायतें की गईं। अस्पताल पर इलाज में लापरवाही और भारी रकम का बिल बनाने का आरोप लगा है। उपद्रव की खबर पाकर सर्वे पार्क थाने की पुलिस बाइपास के किनारे स्थित अस्पताल में गयी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार अष्टमी की रात उत्तर कोलकाता के बराहनगर का एक युवक बाइक दुर्घटना में घायल हो गया। इलाज के लिए उसे इस अस्पताल ले जाया गया। मरीज के परिवार ने शिकायत की कि शुरू में उन्हें बताया गया कि मरीज का इलाज ठीक चल रहा है। स्थानांतरित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। लेकिन कुछ ही दिनों में अस्पताल ने भारी भरकम रकम का बिल बना दिया। इसके बाद युवक की मौत हो गई। दावा है कि आज जब अस्पताल के अधिकारियों से इस बारे में पूछा गया तो वे कोई जवाब नहीं दे सके। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को परेशान करने और रिसेप्शन पर तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, मरीज के परिवार और रिश्तेदारों ने आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर एक सुरक्षा गार्ड था। पुलिस वहां मौजूद थी।

## महिला की हत्या, झारखंड से युवक गिरफ्तार

**बीरभूम, 14 अक्टूबर (निप्र)।** बीरभूम में एक अज्ञात महिला हत्या मामले की जांच करते हुए बीरभूम जिला पुलिस ने झारखंड के जमशेदपुर से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम राहुल मंडल बताया गया है। बीरभूम जिले की मल्लारपुर थाना पुलिस की टीम आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रविवार को जमशेदपुर से बीरभूम के लिए रवाना हो गई है। गौरतलब है कि पिछले बुधवार को बीरभूम जिले के मल्लारपुर थाना इलाके के सात बेरिया ग्राम स्थित खेत से एक अज्ञात महिला का आग में झुलसा हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर शव का मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया था। मामले को लेकर मल्लारपुर पुलिस जांच में जुट गई है।

## संदीप ने रजिस्ट्रेशन रद्द करने के फैसले को दी चुनौती

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (निप्र)।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष एक बार फिर कोर्ट में याचिका दाखिल की है। पंजीकरण रद्द करने के फैसले को चुनौती देते हुए संदीप घोष ने अवकाश पीठ का दरवाजा खटखटाया है। संदीप घोष के वकील ने शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया है, लेकिन कोर्ट इस पर सुनवाई नहीं करना चाहता था। जस्टिस पार्थसारथी सेन ने कहा कि आपातकालीन स्थिति में इस मामले की सुनवाई महत्वपूर्ण नहीं है। 19 सितंबर को जेल में बंद डॉक्टर संदीप का मेडिकल रजिस्ट्रेशन स्टेट मेडिकल काउंसिल ने रद्द कर दिया था। 19 सितंबर को डॉक्टर संदीप घोष का मेडिकल रजिस्ट्रेशन स्टेट मेडिकल काउंसिल ने रद्द कर दिया था। सबसे पहले आरजी कर की वित्तीय अनियमितता के मामले में संदीप को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें बलात्कार और हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। इसी बीच उनका मेडिकल रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया। उस पंजीकरण को रद्द करने का विरोध करते हुए संदीप ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। लेकिन जस्टिस सेन ने कहा, तत्काल आधार पर मामले की सुनवाई की कोई जल्दी नहीं है। दूसरी ओर, आरजी कर मेडिकल में वित्तीय भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए ईडी के अधिकारी फिर से प्रेसीडेंसी जेल गए। आरजी कर मेडिकल के पूर्व प्रमुख संदीप घोष, उनके अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड अफसर अली, विप्लव सिंह से पूछताछ करने के लिए जांच अधिकारी सोमवार को प्रेसीडेंसी जेल पहुंचे। ईडी सूत्रों ने दावा किया कि जांच के दौरान कई वित्तीय लेनदेन और अवैध टेंडरों की जानकारी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने सबूतों से पूछताछ के लिए अलीपुर कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। कोर्ट ने इजाजत दी तो जांच अधिकारी आज पूछताछ के लिए प्रेसीडेंसी जेल पहुंचे। दूसरी ओर, सीबीआई का दावा है कि आरजी कर मेडिकल में डॉक्टर से रेप-हत्या मामले में संदीप घोष और टाला थाने के ओसी अभिजीत मंडल के बीच मिलीभगत और बड़ी साजिश थी। एजेंसी ने दावा किया कि 9 अगस्त की दोपहर को संदीप घोष द्वारा ताला पुलिस स्टेशन में आरजी कर मेडिकल के अधीक्षक के पास दर्ज की गई शिकायत में सही जानकारी नहीं थी। यहां तक कि, जानबूझकर आत्महत्या करने के सिद्धांत भी सामने आए। केंद्रीय एजेंसी का दावा है कि पूरी घटना को महत्वहीन दिखाने के लिए सबूत नष्ट कर दिए गए हैं।

## दुर्गापूजा में चित्रांकन प्रतियोगिता को लेकर बवाल

### तोड़फोड़, आगजनी

**हावड़ा, 14 अक्टूबर (निप्र)।** ग्रामीण हावड़ा के श्यामपुर थाना अंतर्गत कमलपुर इलाके में श्यामपुर बाजार व्यवसायी समिति द्वारा आयोजित दुर्गापूजा में एक चित्रांकन प्रतियोगिता में बनी एक तस्वीर को लेकर बवाल मच गया। प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया था। इस तस्वीर के विरोध में उपद्रवियों ने पूजा मंडपों में तोड़फोड़ करते हुए आगजनी की घटना को अंजाम दिया। पुलिसवालों पर पत्थर फेंके गये। थाने में तोड़फोड़ की गयी। कई दुकानों को आग के हवाले कर दिया। घटना पूरी तरह बेकाबू होने की खबर पाकर डीजी राजीव कुमार, एडीजी सुप्रतिम सरकार, सिटी पुलिस के आयुक्त प्रवीण त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिक संख्या में पुलिस, रैफ और काम्बैट फोर्स के जवानों को उतारा गया। खबर लिखे जाने तक इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस की पेट्रोलिंग लगातार की जा रही है। जानकारी के अनुसार, शनिवार को पूजा आयोजकों ने एक चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इस प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को मनीषियों की तस्वीर बनाने के लिए कहा गया। प्रतियोगिता में एक बच्चे ने नबी की तस्वीर बनायी, जिसे आयोजकों ने आपसी सौहार्द का संदेश देने के लिए पंडाल में लगा दिया। पंडाल में यह तस्वीर लगाने को लेकर एक समुदाय के लोगों ने आपत्ति जतायी। पुलिस के हस्तक्षेप से पूजा आयोजकों ने पंडाल से उस तस्वीर को हटा दिया। बताया जा रहा है कि समस्या का समाधान होने के बावजूद रविवार को इस समुदाय के लोग घटना का विरोध जताने के लिए श्यामपुर थाना को ज्ञापन देने पहुंचे। बताया जा रहा है कि इसी समय अचानक कुछ उपद्रवियों ने थाने के बाहर तोड़फोड़ करते हुए पत्थरबाजी शुरू कर दी। थाने के बाहर खड़ी वाहनों में आग लगा दी। उपद्रवियों को रोकने के लिए पुलिस ने बल का प्रयोग किया और सभी को वहां से खदेड़ दिया। इसके बाद ये उपद्रवी थाने से कुछ दूरी पर हो रहे दो से तीन दुर्गापूजा मंडप में तोड़फोड़ करते हुए प्रतिमा में आग लगाने की कोशिश की। उपद्रवियों ने जगह-जगह टायर जला कर प्रदर्शन किया। आगजनी और तोड़फोड़ की खबर मिलते ही रैफ, काम्बैट फोर्स और अधिक संख्या में पुलिस वालों को तैनात किया गया। डीजी राजीव कुमार सहित अन्य आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। इलाके में तनाव को देखते हुए 144 धारा लागू की गयी है।

फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। दुर्गापूजा में एक चित्रांकन प्रतियोगिता में एक तस्वीर को लेकर एक समुदाय के लोगों ने विरोध जताया था। मामले को सुलझा भी दिया गया था, लेकिन रविवार को उक्त समुदाय के लोग थाने में ज्ञापन देने पहुंचे थे। उनलोगों से बात करने के बाद पुलिस की ओर से एक मामला भी दर्ज किया गया, लेकिन इसी भीड़ में शामिल कुछ लोग अचानक तोड़फोड़ और पत्थरबाजी शुरू कर दी। अभी तक 25 से 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लोगों से अपील है कि वे सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखें।

## दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराने पर महिला की हत्या का आरोप, पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (निप्र)।** उत्तर 24 परगना में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला ने अपने साथ हुए दुष्कर्म की वारदात को लेकर स्थानीय पंचायत में समझौता करने के बजाय पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिससे नाराज होकर ससुरालवालों और कोलकाता पुलिस के एक कर्मी ने मिलकर कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता के पति, आरोपित पुलिसकर्मी और उसकी पत्नी, जो तृणमूल कांग्रेस की पंचायत सदस्य है, को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नौ सितंबर को पीड़िता ने कोलकाता पुलिस के एक चालक के खिलाफ बलात्कार की शिकायत दर्ज करवाई थी। पीड़िता ने बताया कि वह पिछले छह महीनों से आरोपित के घर में किराए पर रह रही थी और दोनों के बीच पारिवारिक संबंध भी थे। महिला का आरोप है कि पांच सितंबर की रात आरोपित पुलिसकर्मी ने उसके कमरे में घुसकर उसके साथ बलात्कार किया। उस समय वह अपनी बेटी के साथ सो रही थी। आरोपित ने महिला का मुंह दबाकर उसे दूसरे कमरे में ले जाकर बलात्कार किया और बाद में उसे जान से मारने की धमकी भी दी। महिला पर पंचायत में समझौता करने का दबाव बनाया गया था, लेकिन उसने समझौता करने के बजाय पुलिस के पास शिकायत की। इसके बाद आरोपित पुलिसकर्मी फरार हो गया था। कुछ समय बाद महिला अपने ससुराल वापस लौट गई, लेकिन रविवार की रात वह ससुराल के दूसरे माले पर फांसी के फंदे से लटकी पाई गई। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो ससुरालवाले महिला का शव उतार चुके थे। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए बारासात मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतका के भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उसकी बहन की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई।

## लक्ष्मी पूजा पर डगमगाया गृह लक्ष्मियों का बजट

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (निप्र)।** कोजागरी लक्ष्मी पूजा की तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति है कि आखिर लक्ष्मी पूजा 16 या 17 अक्टूबर यानी किस तारीख को है। पुरोहितों के अनुसार बंगाल के ज्यादत्तर घरों में लक्ष्मी पूजा 16 अक्टूबर को ही किया जाएगा। कारण कोजागरी लक्ष्मी पूजा इस दिन रात्रि 8:41 बजे से किया जा सकता है। क्यों कि पूर्णिमा इसी दिन उक्त समय से शुरु होगी। इधर महानगर कोलकाता सह राज्य के तमाम बाजारों में फल-फूल से लेकर सब्जियों के दरों में व्यापक रुप से उछाल आने से गृह लक्ष्मियों के बजट का संतुलन डगमगता रहा। साफ कहें तो मां लक्ष्मी की आगवानी के लिये आतुर गृह लक्ष्मियां कोजागरी से पूर्व आज महंगाई के कारण परेशान रही। आज महानगर कोलकाता के कालीघाट, खिदिरपुर, गरियाहाट, लेक मार्केट, बजबज, महेशतल्ला सहित तमाम बाजारों में प्रतिमा, पूजन और प्रसाद सामग्री खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ देखी गयी। बाजार में छोटी से लेकर बड़ी प्रतिमाएं 100 रुपये से लेकर 6000 रुपए तक की कीमत में बिक रही हैं। इस दिन प्रतिमा, पूजन व प्रसाद सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़-भाड़ नजर आई। बतातें चले कि मां कोजागरी लक्ष्मी धन-धान्य की देवी हैं। घर-घर में लोग पूजा की तैयारियों में जुट गए हैं। 16 अक्टूबर को आयोजित होने वाली कोजागरी लक्ष्मी की पूजा को लेकर फलों की बढ़ी मांग व कीमतों में वृद्धि के बावजूद विभिन्न बाजारों में जमकर फलों की खरीदारी हुई। मामले पर बजबज व लेक मार्केट में खरीदारी के लिए आई स्मिता दास, अनिमा मंडल व अनामिका दे ने कहा कि कोजागरी लक्ष्मी की पूजा में विभिन्न प्रकार के अनाज समेत कई फल चढ़ाए जाने की परंपरा है। इस वजह से फलों की मांग के साथ ही इसकी कीमतों में भी बढ़ोत्तरी से हमारा बजट गड़बड़ा गया है, लेकिन पूजा तो करनी ही है, लिहाजा कीमतों की परवाह न कर हमलोग सामर्थ्य अनुसार फलों की खरीदारी करते हैं। आज लेक मार्केट, अरफनगंज बाजार, कालीघाट में सेब 180 से लेकर 200 प्रति किलो के भाव से बिका। इसके अलावा अमरूद 120 रुपए, केला प्रति दर्जन 70 से लेकर 90 रुपए, नारियल प्रति पीस 60 से लेकर 70 रुपए तक की कीमत में तो नाशपाती 160 रुपये प्रति किलों की दर तक बिका।अंगूर 180 से 200 प्रति किलो की दर से बिका। वही सब्जियों के दर भी आकाश पर रहे।



## ऑटो चालकों पर हमला, कुदघाट में तनाव

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (निप्र)।** कुदघाट में एक स्थानीय तृणमूल नेता पर गुंडागर्दी का आरोप लगा है। कथित तौर पर उसने शनिवार रात स्थानीय ऑटो चालकों पर हमला किया और ऑटो में तोड़फोड़ की। एक ऑटो चालक का सिर भी फोड़ने का आरोप है। कल सुबह से ही तनाव बढ़ता जा रहा है। इसके चलते ऑटो चालकों ने फिलहाल ऑटो सेवा बंद कर दी है। पुलिस मौके पर गयी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार ऑटो चालकों ने वार्ड नंबर 116 के एक तृणमूल नेता पर हमले का आरोप लगाते हुए सुबह से ही विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि शनिवार दोपहर करीब तीन बजे सत्ताधारी नेता और उनकी टीम ने उन पर हमला कर दिया। ऑटो में तोड़फोड़ भी की गई। दो ऑटो पलट गये। ऑटो चालकों की मांग है कि प्रशासन आरोपी तृणमूल नेता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करे। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के खिलाफ भी अपना गुस्सा जाहिर किया।



● झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ रांची में विधायक दल की बैठक में करते हुए।



● हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर के दर्शन करते हुए।

## पूजा के दौरानहावड़ा डिवीजन में रिकार्ड यात्री

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** इसी तरह हुगली के ईस्टर्न बैंक, वेस्टर्न बैंक में भी पूजा के दिनों में पंडाल घूमने के लिए यात्रियों की काफी भीड़ होती है। हावड़ा डिवीजन के हावड़ा शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के पंडाल हॉपर्स ने अच्छी संख्या में पूजा पंडालों का दौरा किया है और इस वर्ष पूजा के दिनों में स्थानीय ट्रेन यात्रा को प्राथमिकता दी है। 10 से 12 अक्टूबर, 2024 की अवधि के दौरान, यानी सप्तमी से दशमी तक, हावड़ा डिवीजन के उपनगरीय स्टेशनों पर लगभग 60 लाख की कुल गिरावट दर्ज की गई है। हावड़ा मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के नेतृत्व में हावड़ा मंडल के रेलवे कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों और अधिकारियों ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए हावड़ा मंडल के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखी है।



*पूजा कार्निवल में शामिल होने को तैयार खिदिरपुर 25 पल्ली की प्रतिमा।*

## मोतीलाल ओसवाल डिजिटल इंडिया फंड लॉन्च

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड ने अपने नवीनतम फंड ऑफर मोतीलाल ओसवाल डिजिटल इंडिया फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह फंड लंबी अवधि में पूंजीगत वृद्धि पर विचार करने वाले निवेशकों के लिए प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, मीडिया, मनोरंजन और अन्य संबंधित सहायक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजिटल स्पेस में निवेश करने वाली एक ओपन - एंडेड इक्विटी योजना है। एन एफ ओ 11अक्टूबर 2024 से 25अक्टूबर 2024 तक। इस योजना का प्राथमिक निवेश उद्देश्य मुख्य रूप से डिजिटल और प्रौद्योगिकी पर निर्भर कंपनियों, हार्डवेयर, पेरिफेरल और कम्पोनेन्टस, सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, मीडिया, इंटरनेट और ई - कॉमर्स और डिजिटलीकरण संबंधित या उनसे लाभ उठाने वाली अन्य कंपनियों में निवेश करके पूंजी का दीर्घकालिक विकास करना है। डिजिटल फंड स्पेस पर बोलते हुए, मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एमडी और सीईओ, श्री प्रतीक अग्रवाल कहते हैं, अमेरिका, चीन और दुनिया भर की तरह भारत की इंटरनेट अर्थव्यवस्था के भी तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

## मामाअर्थ का मीशो के साथ की साझेदारी

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** पर्सनल केयर ब्रांड मामाअर्थ ने मीशो के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता के उत्पाद दूरदराज के इलाकों तक पहुँच सकेंगे जिससे उभरते हुए क्षेत्रों में ब्रांड की वृद्धि में मदद मिलेगी। टियर 3 शहर और कस्बे ई-कॉमर्स की वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इसलिए मामाअर्थ ने इन छोटे और अर्द्धशहरी इलाकों में प्रीमियम, प्राकृतिक और टॉक्सिन-फ्री पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मीशो के विशाल नेटवर्क का सहयोग लिया है। यह नए बाजारों में पहुँचने और क्षेत्रीय इलाकों में राजस्व वृद्धि करने की मामाअर्थ की रणनीति का हिस्सा है, जिससे ब्यूटी और पर्सनल केयर की श्रेणी में मामाअर्थ को विश्वसनीयता और उच्च प्रतिष्ठा हासिल करने में मदद मिलेगी। मीशो पर सेल की अवधि में यह ब्रांड पाँच गुना वृद्धि कर चुका है। अब मामाअर्थ का उद्देश्य अगले 12 महीनों में मीशो पर 100 करोड़ रुपये के वार्षिक आवर्ती लक्ष्य (एआरआर) तक पहुँचना है। होनासा कंज़्यूमर लिमिटेड के को-फाउंडर एवं सीईओ, वरुण अलघ ने कहा, ''मामाअर्थ में हम हमेशा अपने ग्राहकों की जरूरत को पूरा करने पर केंद्रित रहते हैं।

## नाइका कॉस्मेटिक्स का स्टारडस्ट होलोग्राफिक क्रोम आइलाइनर्स

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** नाइका कॉस्मेटिक्स अपने नवीनतम लॉन्च - स्टारडस्ट क्रोम आइलाइनर्स के साथ गर्मी बढ़ा रही है! इन अल्ट्रा-पिगमेंटेड लाइनर्स के साथ अपने लुक में आंखों का ड्रामा लाएं जो आपके लुक को बेसिक से आउट-ऑफ-द-वर्ल्ड तक ले जाते हैं। रंग-बदलते पिगमेंट्स के साथ, ये ड्यूल क्रोम लाइनर्स आपके लुक को सुब्टल ग्लो से बोल्ड स्टेटमेंट तक ले जाते हैं। तैयार हो जाएं अपनी आंखों को सबसे अच्छा दिखाने के लिए! इन लाइनर्स में एक स्ट्रोक में दो शेड्स मिलते हैं, दोहरा मज़ा और दोहरी शैली! छह शानदार शेड्स में से चुनें, जिनमें से प्रत्येक की कीमत केवल 499 रुपये है। पिंक वाइब्स के लिए मेटावर्स चुनें। या अगर आप ग्लिची एस्थेटिक महसूस कर रहे हैं, तो लाइट गोल्ड में आईम ग्लिचिंग है मूव। साइबर क्वीन की तरह स्ले करने के लिए तैयार हैं? साइबर बैडी टील ब्लू आपके पास है।

## दुर्गोत्सव पर 6 दिवसीय जल शिविर संपन्न



**कोलकाता 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** शनिवार दुर्गा पूजा के उपलक्ष में कोलकाता के मध्य मोहम्मद अली पार्क में आयोजित दुर्गोत्सव में श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति ने 6 दिवसीय निःशुल्क जल वितरण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर 7 अक्टूबर से लगातार दिन - रात 12 अक्टूबर तक चलाया गया। ज्ञात रहे की हर वर्ष समूचे बंगाल में दुर्गा पूजा बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है, इसी उपलक्ष में श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति प्रत्येक वर्ष भिन्न भिन्न स्थानों में निःशुल्क जल वितरण शिविर का आयोजन करती है जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालू एवं जरूरतमंद अपनी प्यास बुझाते हैं। इस वर्ष भी समिति के अध्यक्ष एवं विधायक विवेक गुप्ता, एवं प्रधान सचिव बिमल दीवान के मार्गदर्शन में यह शिविर 7 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक आयोजित हुआ। जल ही जीवन है मंत्र को मानते हुए उप सचिव पवन बंसल के नेतृत्व में उप सचिव सुभाष सावलदावाला, आदित्य विक्रम तुलस्यान, संजय अग्रवाल (नीम का थाना), प्रकाश सांगनेरिया, सचिन अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, अनु मिश्र,अनिल डालमिया, पवन कंदोई, अरुण झुनझुनवाला आदि ने अपनी उपस्थिति से पूर्ण योगदान दिया। यह सारी जानकारी संस्था के उप सचिव पवन बंसल ने दी।

## अंतरराष्ट्रीय अभ्युदय संस्था के सम्मानों की घोषणा

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** अंतररास्ट्रीय अभ्युदय संस्था जो साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में विश्वभर में कार्य करती है उसका चतुर्थ वार्षिक अधिवेशन कोलकाता में 9 एवं 10 नवम्बर को होना निश्चित है कार्यक्रम में संस्था की ओर से ग्यारह सम्मान दिए जाएंगे जिनकी घोषणा अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष और संस्थापक डॉ इंदु झुनझुनवाला ने की। डॉ इंदु झुनझुनवाला ने बताया कि संस्था की पुरस्कार समिति ने अपनी बैठक में कला, साहित्य, शिक्षा, भाषा, समाज आदि क्षेत्रों में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को वर्ष 2023-24 में सम्मान प्रदान करने की घोषणा कर दी हैं । ये अंतरराष्ट्रीय सम्मान इस बार कोलकता में 9-10 नवम्बर को आयोजित होने वाले वार्षिक समारोह में विद्वानों और शिक्षाविदों के करकमलों से प्रदान किये जाएंगे।अंतरराष्ट्रीय अभ्युदय संस्था ने इस वर्ष उल्लेखनीय योगदान के लिए 11 पुरस्कारों की घोषणा की है। इन पुरस्कारों की चर्चा करते हुए डॉ झुनझुनवाला ने बताया कि अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय शलाका सम्मान साहित्य - समाज -संस्कृति क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ पूरन चन्द टण्डन को प्रदान किया जाएगा। भारतीय संगीत, नृत्य, पारंपरिक, लोक कला, भारतीय चित्रकला, भारतीय शिल्पकला, रंगमंच के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. अनिता मेहता, महाराष्ट्र को अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय लक्ष्मी मनोहरी देवी ललित कला सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस समारोह में अभ्युदय संस्था की प्रत्येक शाखा में से एक सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता सदस्य को भी उनकी उत्तम सेवाओं के लिए सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन का 'शारदोत्सव डांडिया'



**कोलकाता, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** देश दुनिया में बसे करोड़ों मारवाड़ियों की प्रतिनिधि संस्था 'अंतराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन' द्वारा दुर्गापूजा पर कोलकाता के होटल हिन्दुस्तान इंटरनेशनल में आयोजित दो दिवसीय 'शारदोत्सव डांडिया 2024' का भव्य विराट आयोजन लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ गया और इसकी मुख्य वज़ह रही कि इस आयोजन में पूर्ण रूप से पारिवारिक समूहों को ही प्रवेश दिया गया। पहले दिन ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर डॉ .एंड्रयू फ्लेमिंग,अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल, जापान के डिप्टी कोंसुल जनरल यामासाकी मातसुतारो, हरी ओम गांधी आइपीएस, प्रदीप लुहारीवाला, बिमल बेंगानी, पवन ओझा, बनवारीलाल चौधरी, रामावतार किल्ला ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन करके उद्घाटन किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष भानीराम सूरेका, अंतराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पूर्व विधायक दिनेश बजाज, महासचिव राजकुमार शर्मा, प्रदीप ढेडिया, उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद सराफ, कोषाध्यक्ष सुशील चौधरी, सचिव सुशील तुलस्यान, मनीषा बजाज, सुशीला पारीक, हरी सोनी, सुशील पारीक, अभिषेक आसोपा, गणेश जोशी, अनिल सिंह, हर्षद भायानी, विनीत शर्मा, अमर भरतिया, राजेंद्र राजा, बसंत दुजारी, विकास बागड़ी, कुंदन चौधरी, हेमंत शर्मा आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति में श्री गणेश वंदना के साथ मां अम्बे दुर्गाजी की आरती के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ। आगत अतिथियों ने अंतराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन के इस आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि दुर्गापूजा में कोलकाता में डांडिया के प्रति लोगों का उत्साह चरम पर होता है लेकिन कहीं आर्थिक दृष्टिकोण से तो कहीं प्रतिकूल माहौल और असुरक्षित वातावरण की आशंका से काफी लोग चाहकर भी डांडिया का आनंद नहीं ले पाते। ऐसे में सम्मेलन द्वारा निःशुल्क और विशुद्ध पारिवारिक डांडिया उत्सव का आयोजन एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है। दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष संतोष सराफ, कर विशेषज्ञ नारायण प्रसाद जैन, मनमोहन बागड़ी, सुचंद्रा भुतोडिया, सुजीत आर्या ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया। सम्मेलन के अध्यक्ष पूर्व विधायक श्री दिनेश बजाज ने कहा कि सम्मेलन हमेशा अपनी धर्म-कला-संस्कृति को जीवंत रखने और इसके प्रति लोगों में जागरूकता के लिए विविध आयोजन करता रहा है जिसमें विगत में हुए गंगा आरती के भव्य आयोजन आज भी लोगों के दिलो-दिमाग पर अंकित हैं। महासचिव राजकुमार शर्मा ने इस दो दिवसीय डांडिया महोत्सव की निर्विघ्न और अपार सफलता में सहभागी सम्मेलन परिवार के सभी पदाधिकारियों, सहयोगियों, शुभचिंतकों, कार्यकताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। दोनों दिन उमड़ी अपार भीड़ ने परंपरागत गरबा के साथ विविध विधाओं के साथ डांडिया का भरपूर आनंद उठाया।

## साप्ताहिक एक्सप्रेस का अतिरिक्त ठहराव

**कोलकाता, 14 अक्टूबर (नि.प्र.)।** रेलवे ने गोड्डा से 16.10.2024 को छूटने वाली और 14.10.2024 से दिल्ली छूटने वाली 14049/14050 गोड्डा-दिल्ली-गोड्डा साप्ताहिक एक्सप्रेस का ठहराव पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के धनवार स्टेशन पर देने का निर्णय लिया है। 14049 गोड्डा-दिल्ली साप्ताहिक एक्सप्रेस और 14050 दिल्ली-गोड्डा साप्ताहिक एक्सप्रेस 16:04 बजे धनवार स्टेशन पहुंचेगी। एवं 09:16 बजे।


पूजा-दशहरा की शुभकामना

शुद्ध घी से निर्मित मिष्ठान एवं नमकीन के लिये आपका अपना प्रतिष्ठान



तिवारी ब्रदर्स मिठाई शॉप

40 Seated Fast Food Centre
for Birthday, Anniversary Party etc.

78/12,ब्लॉक-ई, न्यु अलीपुर : 8981026905/9007085111, 033-35928658
तिवारी ब्रदर्स,बड़ाबाजार : 6291225670, 8981026906 / 033-22688913
तिवारी स्वीट्स, कॉटन स्ट्रीट : 8981026911 / 6291183199
तिवारी कन्फेक्सनर्स : मिन्टो पार्क : 033-22871161/ 5613, 8276829752
काकुड़गाछी : 033-23558373 / 74, 9038488211



सत्यमेव जयते
दूरसंचार विभाग
संचार मंत्रालय
भारत सरकार

ITU

भारत द्वारा विश्व दूरसंचार मानकीकरण

सम्मेलन में
विश्व की मेजबानी



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

उद्घाटन

ITUWTSA
NEW DELHI 2024

15-24 अक्टूबर 2024

- एशिया प्रशांत क्षेत्र में पहली बार
- दूरसंचार/आईसीटी क्षेत्र में भविष्य के मानकों का एजेंडा निर्धारित करना
- 150 से अधिक देशों के 3000 से अधिक उद्योग जगत के नेतृत्वकर्ता, नीति निर्माता और दूरसंचार विशेषज्ञ
- 1000 से अधिक प्रतिनिधियों और 40 से अधिक मंत्रियों की वैश्विक भागीदारी

INDIA MOBILE CONGRESS 2024

15-18 अक्टूबर 2024

- एशिया का सबसे बड़ा टेक एक्सपो
- 400 से अधिक प्रदर्शक और 700 से अधिक स्टार्टअप
- 120 से अधिक देशों से 1.5 लाख प्रतिभागी
- वैश्विक सीएक्सओ, तकनीकी नेतृत्वकर्ता और नीति निर्माताओं सहित 5000 से अधिक प्रतिनिधि

नवीनतम प्रगति का प्रदर्शन:

6जी | कृत्रिम बुद्धिमत्ता | रोबोटिक्स | प्रसारण | सैटकॉम | क्वांटम | साइबर सुरक्षा | क्लीन टेक | ड्रोन | इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स | उद्योग 4.0

प्रधानमंत्री
नरेंद्र मोदी
द्वारा

ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया
संचार एवं उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री

डोरेन बागडान-मार्टिन
महासचिव, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ

की गरिमामयी उपस्थिति में

प्रात: 10:00, 15 अक्टूबर, 2024 को

भारत मंडपम, नई दिल्ली में

न्यूज़ पर लाइव देखें

भारत की दूरसंचार क्रांति

120+ करोड़ — दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बेस
4.5+ लाख रेडियो टावर्स — सबसे तेज़ 5G रोल आउट
~₹9 प्रति जीबी — सबसे सस्ती डेटा रेट
4जी — स्वदेशी दूरसंचार स्टैक

CBC 06201/13/0005/2425



Dhanteras मतलब
समृद्धि का त्यौहार,

RCP
RAMESH CHANDRA PAREKH
JEWELLERS SINCE 1957

आपके साथ हर बार!

OPEN ON ALL DAYS TILL DIWALI


LATEST FESTIVE COLLECTION OF
GOLD, DIAMOND & POLKI JEWELLERY

HEAD OFFICE
19, SYNAGOGUE STREET, BRABOURNE ROAD,
BURRA BAZAR, KOLKATA - 700001, PH - 033 4055 0000

BRANCH OFFICE
3-B, UPPER WOOD STREET, SHAKESPEARE SARANI RD,
CAMAC STREET, KOLKATA - 700017, PH - 033 4060 4006

CAR PARKING AVAILABLE





# आनन्दलोक

DK-7/3, Saltlake, Kolkata-700091
Ph : 033 23592931-33 M : 9836085630

## गरीबों को खुशियां बांटो, आपकी खुशियां चौगुनी बढ़ जाएंगी

आनन्दलोक हर दिन परीक्षा से गुजरता है। ईश्वर हमारी परीक्षा लेता है, हमारी शक्ति को तौलता है। कुछ क्षण के लिए बाधाएं उत्पन्न होती हैं, पर हम निराश नहीं होते। पुनीत भावना के साथ अपने काम में लगते हैं और हम सफल हो जाते हैं। यही ठाकुर की हम पर विशेष अनुकम्पा है। हमें ठाकुर पर भरोसा है, और ठाकुर को हमारी पुनीत भावनाओं पर। हमारा एक ही ध्येय है, मरीजों की कम शुल्क पर श्रेष्ठ चिकित्सा और गरीब-दुखियारों की नि:स्वार्थ सेवा। यही कारण है कि आनन्दलोक कभी हारा नहीं, कभी रूका नहीं, कभी थका नहीं।

हम जब कभी कठिन परिस्थितियों से गुजरते हैं तो सेठों का एक वर्ग हमारे बटका भरने लगता है। झूठी अफवाहें फैलाकर हमें चोट पहुंचाता है। पर ठाकुर के आगे यानी सत्य के आगे झूठ कभी भी विजयी नहीं हो सकता। वह पराजित ही होता है। कई बार ऐसा हुआ है कि हमारे एक हाथ को चोट पहुंचती है तो कुछ पल के लिए हम दु:खी हो जाते हैं। पर प्रभु कृपा से अगले ही पल हमारे साथ हजार हाथ खड़े हो जाते हैं। यह ठाकुर की कृपा नहीं तो और क्या है। सेठों से मैं बार बार यही कहता हूं कि हम पर पत्थर फेंक कर कुछ हासिल नहीं कर पाओगे। अपने काम में लगो और लोगों के कल्याण की सोचो।

**ठाकुर ने धन दिया है तो आडम्बर और अपना वैभव दिखाने में व्यर्थ न गंवाओ। इसका सदुपयोग करो। परहित सरिस धर्म नहीं भाई- इस उक्ति को धारण करने का प्रयास करो। हम पर पत्थर फेंकोगे तो तुम्हीं पर गिरेगा। तुमने सोचा था कि आनन्दलोक रानीगंज में बाईपास सर्जरी काम काम शुरु नहीं कर पाएगा, पर ऐसा नहीं है। हमने साढ़े 6 करोड़ की लागत से रानीगंज अस्पताल में रिनोवेशन करवाया है। हमें किसी से सहयोग नहीं मिला, लेकिन मैंने अपना वादा निभाया है। मैं अपनी कथनी-करनी में कभी फर्क नहीं करता। पूरे अंचल में चिकित्सा के क्षेत्र में यह एक अभिनव क्रान्ति हुयी है। कल्पना करिए कि यहां के लोगों को कितना लाभ पहुंचने वाला है।**

मित्रो, दापावली का पर्व सामने है। अमीरों के घर में धन-वैभव की भरमार है। वे लक्ष्मीजी को रिझाएंगे। अच्छी बात है। लेकिन, गरीब परिवारों की सुध कौन लेगा? क्या हमारा गरीब परिवारों के प्रति कोई दायित्व नहीं है? आनन्दलोक हर त्योहार पर गरीब परिवारों की मदद करता है। बर्तन, कपड़े, मिठाइयां, उपहार आदि देकर हम सैंकड़ों परिवारों में दीपावली की खुशियां बांटने का प्रयास करते हैं। मैं अपने जीवन की अंतिम सांस तक यह करता रहूंगा। कोई साथ दे या न दे। मैंने गरीबों के लिए अपने सब कुछ न्यौछावर कर दिया। जो कुछ बचा है, वह भी करने को तैयार हूं। लेकिन क्या सेठों के दिमाग पर इसका कोई असर नहीं पड़ता। आपके कई स्टॉफ गरीब हो सकते हैं। आसपास के परिवेश में सैंकड़ों हजारों गरीब परिवार मिल जाएंगे। कृपया उनकी भी मदद का हाथ बढ़ाएं। परमात्मा आपको और दौलत देगा। आपके घरों में और खुशियां आएंगी।

**आगामी धनतेरस को प्रात: 11 बजे हम गरीब परिवारों को कोलकाता और रानीगंज में उपहार बांटेंगे। यदि आपके पास किसी जरूरतमन्द का नाम हो तो हमें बेहिचक भेजें, हम आपके भेजे हुए व्यक्ति को भी हम अपनी सूची में शामिल करेंगे और उसके घर में भी रोशनी फैलाने का काम करेंगे।**

**आप लोग कभी भी आकर हमारा काम देख सकते हैं। मित्रो, आनन्दलोक समाज को समर्पित अस्पताल और सेवा संस्थान है। इसकी उपलब्धियां सराफ की अकेले की नहीं, समाज की उपलब्धि है। इसका सम्मान करें। मैं भी हाड़-मांस का बना हूं। मानवीय भूलें मुझमें भी हो सकती हैं। पर मैं भूलकर भी ऐसी भूल नहीं करता, जिससे किसी का अहित हो। मैंने अपने जीवन में किसी को अलग नहीं किया। मेरी उम्र हो गयी है। कृपया मेरी उम्र का ख्याल करें। आनन्दलोक के सभी हितैषियों का मैं सम्मान करता हूं। आप ही मेरा हौसला बढ़ाते हैं। आपकी प्रेरणा से ही हम अच्छा काम कर पाते हैं। हम साथ रहेंगे तो एक-एक ग्यारह हो जाएंगे।**

Advt. डी के सराफ